सं प्रशा /1025/ हि.क./ हि.पखवाड़ा / 2016

र. ले. प्र. नि. (म. क), लखनऊ

दिनांक 24 अगस्त, 2016

आवश्यक परिपत्र

विषयः हिंदी दिवस / हिंदी पखवाड़े का आयोजनः वर्ष 2016

भारत सरकार, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय (वित्त) एवं महानियंत्रक कार्यालय, दिल्ली छावनी के दिशा-निर्देशों के अन्तर्गत कार्यालय में हिन्दी का अधिकाधिक प्रयोग को प्रोत्साहित करने हेतु दिनांक 01 सितम्बर 2016 से 14 सितम्बर 2016 की अवधि में हिन्दी पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस दौरान मुख्य कार्यालय में वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा एवं मुख्य समारोह का आयोजन / पुरस्कार वितरण दिनांक 14.09.2015 को किया जायेगा।

क्रम संख्या	प्रतियोगिता का नाम	विषय (टॉपिक)	आयोजन की तिथि एवं समय	प्रतियोगिता स्थल
1.	हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता	असीमित अभिव्यक्ति की आजादी जीवंत लोकतंत्र के लिए आवश्यक है।	01.09.2016 (अपराह्न 04.00 बजे)	क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र, लखनऊ

प्रतियोगिता में विजेताओं को प्रथम पुरस्कार रू 1400/-, द्वितीय रू 1300/- एवं तृतीय रू 1200/- निर्धारित किया गया है। ये पुरस्कार नगद धनराशि के रूप में दिए जाएंगे। टाई होने की अवस्था में संबंधित प्रतिभागियों के बीच आशु वाद-विवाद प्रतियोगिता के परिणाम के आधार पर विजेता का निर्णय किया जाएगा।

मुख्य कार्यालय एवं लखनऊ स्थित सभी अधीनस्थ कार्यालयों के अधिकारी / कर्मचारी उपरोक्त प्रतियोगिताओं में सम्मिलित हो सकते हैं। पुरस्कार हेतु गठित निर्णायक समिति का निर्णय अन्तिम व सर्वमान्य होगा। प्रतियोगिता क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र, लखनऊ में आयोजित की जायेगी परंतु विशेष परिस्थिति में प्रतियोगिता स्थल में परिवर्तन किया जा सकता है।

मुख्य कार्यालय के सभी अनुभागों एवं लखनऊ स्थित सभी अधीनस्थ कार्यालयों के प्रभारी अधिकारियों से अनुरोध है कि वे उपरोक्त प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु अधिक से अधिक प्रतिभागियों के नामों की सूची हिन्दी कक्ष में दिनांक **31.08.2016** तक अवश्य भिजवा दें।

यह भी अनुरोध है कि इस दौरान कार्यालय का सारा कार्य स्वयं हिन्दी में निष्पादित करें और अधीनस्थ कर्मचारियों से भी करवाएं।

वरिष्ठ लेखा अधिकारी (हिंदी)

सेवा में

1. समस्त वर्गाधिकारी
2. समस्त वरिष्ठ लेखा अधिकारी / लेखा अधिकारी
3. प्रभारी अधिकारी, मुख्य कार्यालय के समस्त अनुभाग
4. क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र तथा अधीनस्थ कार्यालय, लखनऊ।
5. एकीकृत वित्तीय सलाहकार (म.क.) लखनऊ
6. स्वचलन कक्ष (स्थानीय) ... कार्यालय की बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु।

डाटा/पखवाड़ा/हिंदी पखवाड़ा 2016-17